दिनांक 19 मई 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अमृत मिशन फेस टू के तहत नवनिर्मित राधिका नगर की पानी टंकी से जल प्रदाय के लिए बिछाया जा रहा है डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन, साथ ही की जा रही है कनेक्टिविटी, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने कायावद

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अमृत मिशन फेस टू के तहत राधिका नगर स्लाटर हाउस के पास पानी टंकी का निर्माण किया गया है घरों तक पानी पहुंचाने के लिए इस टंकी से वितरण पाइपलाइन बिछाई जा रही है ताकि पर्याप्त पेयजल क्षेत्रवासियों को मिल सके! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है जिसके तारतम्य में अधिकारियों द्वारा शुद्ध पेयजल प्रदाय करने कार्य किया जा रहा है! कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राधिका नगर के समीप के क्षेत्रों को जल प्रदाय करने के लिए ओवरहेड टैंक का निर्माण किया गया है तथा वितरण पाइपलाइन लगभग 32.06 किलोमीटर तक बिछाई जा चुकी है केवल दो-तीन किलोमीटर ही बिछाया जाना शेष है जिसका कार्य प्रगति पर है!वितरण पाइपलाइन बिछाने के पश्चात पाइप के गंदगी को बाहर निकालने तथा नलों में किसी भी प्रकार की कचरा नहीं फंसने देने के लिए इसकी सफाई की जाएगी! राधिका नगर पानी टंकी से समीप आदि क्षेत्र को पानी दिया जाएगा जिसमें वार्ड 4 एवं 5 सम्मिलित है ! पाइपलाइन वितरण की कनेक्टिविटी करने के लिए गड्ढा खोदकर इंटरकनेक्शन कार्य किया जा रहा है अब तक 10 जगह पर यह कार्य पूर्ण हो गया है 1 दिनों में तीन स्थलों पर यह कार्य किया जाता है! लॉक डाउन के विकट परिस्थिति में भी पेयजल को दुरुस्त करने निगम के अधिकारी/कर्मचारी लगे हुए हैं बाहरी श्रमिक/कर्मचारी न मिलने पर स्थानीय स्तर से कार्य कराया जा रहा है! वही पीलिया से बचाव के लिए निगम द्वारा विभिन्न स्रोतों से प्राप्त पानी की टेस्टिंग की जा रही है प्रत्येक जोन से कम से कम प्रतिदिन 10 से 12 सैंपल लिए जा रहा है और इसके रिपोर्ट के अनुसार व्यवस्था में सुधार लाने की कोशिश की जा रही है इसी के साथ ही जल शोधन संयंत्र में दिन में तीन बार पानी की टेस्टिंग की जाती है ताकि शुद्ध पेयजल शहर को मिलता रहे! निगम द्वारा घरों में क्लोरीन टेबलेट का वितरण पानी शुद्धिकरण के लिए किया जा रहा है! शुद्ध पेयजल शहर को प्रदाय करने के लिए निगम द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है आम नागरिकों से भी अपील है कि पानी को उबाल कर एवं छानकर उपयोग में लावे तथा शुद्ध पेयजल ही इस्तेमाल करें!

REAL ESTATES
ELECTRONICS
Other Associated Services